परेशानी | जाम और अव्यवस्था से राहगीर परेशान

परसवाड़ा बस स्टैंड की बदहाल व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

नवभारत, परसवाड़ा। नगर का मुख्य बस स्टैंड इन दिनों अव्यवस्था, जाम और मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और ग्रामीणों ने बस स्टैंड की बिगड़ी व्यवस्थाओं को लेकर आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते हालात नहीं सुधारे गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और विकराल हो सकती है।

बस स्टैंड परिसर और उसके आसपास प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है। दोपहिया एवं चौपहिया वाहन चालक दुकानों के सामने वाहन खड़े कर चले जाते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और आवागमन बाधित होता है। विशेषकर बुधवार बैठकी बाजार क्षेत्र में हालात और भी चिंताजनक होते हैं। यहां दिनभर वाहनों की आवाजाही के बीच अनियंत्रित पार्किंग के कारण आम राहगीरों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार आपातकालीन स्थिति में भी वाहन निकालना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मॉडल बस स्टैंड निर्माण के नाम पर पूर्व में अतिक्रमण हटाया गया और पुरानी सड़क को तोड़ दिया गया, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी सड़क का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। टूटी सड़क और मलबा आज भी जस का तस पड़ा हुआ है। इससे एक महत्वपूर्ण मार्ग पूरी तरह चालू नहीं हो पाया है, जिसके कारण यातायात का दबाव अन्य मार्गों पर बढ़ रहा है और जाम की समस्या स्थायी रूप लेती जा रही है।

ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन को केवल निर्माण कार्य तक सीमित न रहकर व्यवस्थाओं को भी सुचारू करना चाहिए। अधूरी सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा कर मार्ग को पूर्ण रूप से चालू किया जाए, ताकि बस स्टैंड क्षेत्र में वाहनों का आवागमन व्यवस्थित हो सके। मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। बस स्टैंड क्षेत्र में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है।

व्यवस्थाएं बहाल नहीं होने से लोगों को हो रही दिक्कत

सबसे गंभीर समस्या सुलभ प्रसाधन (शौचालय) की है। बस स्टैंड में शौचालय भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है और कई महीने बीत चुके हैं, इसके बावजूद अब तक उसे प्रारंभ नहीं किया गया है ना ही कोई बोर्ड लगाए गए हैं। व्यवस्थाएं बहाल न होने के कारण यात्रियों—विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों—को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रसाधन सुविधा चालू न होने से स्वच्छता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं, अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान जिन दुकानदारों को हटाया गया था, उनका कहना है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था या पुनर्वास के उन्हें विस्थापित कर दिया गया। बस स्टैंड का कॉम्प्लेक्स तो बना दिया गया, लेकिन प्रभावित व्यापारियों के पुनर्व्यवस्थापन पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे कई परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। नगरवासियों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि बस स्टैंड क्षेत्र में समुचित पार्किंग व्यवस्था लागू की जाए, ट्रैफिक प्रबंधन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए जाएं, अधूरी सड़क का निर्माण तत्काल पूर्ण कराया जाए, पेयजल एवं सुलभ प्रसाधन की सुविधा शीघ्र प्रारंभ की जाए तथा विस्थापित दुकानदारों के पुनर्वास पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिया जाए।

'जल है तो कल है' ग्राम जबरटोला में 'हर घर जल' से आई खुशहाली

नवभारत, बालाघाट। जिला मुख्यालय बालाघाट से लगभग 36 किलोमीटर दूर बसे छोटे से ग्राम जबरटोला की पहचान कभी पेयजल संकट से जुड़ी थी। वारासिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत सोनझरा के लगभग 500 की आबादी वाले इस गांव जबरटोला में वर्षों तक पानी के लिए संघर्ष आम बात थी। सुबह होते ही महिलाओं की लंबी कतारें, दूरस्थ स्रोतों तक पैदल जाना और सीमित पानी में गुजारा करना यहाँ की दिनचर्या बन चुकी थी।

गाँव में पहले मुख्यमंत्री पेयजल योजना संचालित थी, लेकिन बढ़ती आबादी और सीमित संसाधनों के कारण पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पाता था। समय के साथ समस्या और गंभीर होती गई। ऐसे में उम्मीद की किरण बनकर जल जीवन मिशन जबरटोला ग्राम पहुंचा।

जल जीवन मिशन की दस्तक ने बदली तकदीर

ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या को देखते हुए जल जीवन मिशन के तहत व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई। इस योजना को 13 फरवरी 2020 को आधिकारिक स्वीकृति मिली। लगभग 25.77

लाख रुपये की लागत से नई नल-जल योजना का खाका तैयार किया गया। मिशन का उद्देश्य केवल पाइपलाइन बिछाना नहीं था, बल्कि हर घर तक पर्याप्त, स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुँचाना था और वह भी समानता के साथ।

तकनीकी मजबूती : 20 किलोलीटर का सम्पबेल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उईके ने बताया कि गाँव में पानी की निरंतर और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 20 किलोलीटर (K.L.) क्षमता के सम्पबेल का निर्माण किया गया है। इससे पानी के भंडारण और दबाव की समस्या का स्थायी समाधान हुआ है। नई पाइपलाइन व्यवस्था के साथ जल वितरण प्रणाली मजबूत हुई और गाँव में पहली बार नियमित जल आपूर्ति संभव हो सका है। योजना के सफल क्रियान्वयन के बाद ग्राम जबरटोला की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। गाँव के सभी 123 घरों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। ग्राम 'हर घर जल' के रूप में रिपोर्टेड एवं प्रमाणित हो चुका है। गांव की महिलाओं को अब पानी के लिए घर से बाहर नहीं जाना पड़ता है। इससे उनके समय और श्रम की बड़ी बचत हुई है। शुद्ध पेयजल मिलने से जलजनित बीमारियों के खतरे में कमी आयी है। बिना किसी भेदभाव के अंतिम छोर तक जल आपूर्ति हो रही है।

महकेपार समिति के 4 कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज

परिवहन के दौरान धान की शार्टेज पाए जाने पर कलेक्टर की सख्त कार्रवाई

नवभारत कटंगी 13 फरवरी। बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र की महकेपार समिति के 4 कर्मचारियों के खिलाफ तिरोड़ी थाने में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।

समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान के परिवहन के दौरान धान की शार्टेज पाए जाने पर कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कटेदरा के प्रबंधक गुलचंद बिसेन, महकेपार समिति के प्रबंधक नेतलाल पटले, महकेपार खरीदी केंद्र के प्रभारी रमेश नगपुरे और कोसुम्बा निवासी कम्प्यूटर ऑपरेटर गालेंद्र मडावे के विरूद्ध कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तुषार सिंह ने 12 फरवरी को तिरोड़ी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

6 लाख 10 हजार 894 रुपए की धान कम पायी गई

किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान की अनियमितता के मामले इन सभी आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। महकेपार के इस केंद्र पर 6 लाख 10 हजार 894 रुपए की 257 क्विंटल 87 किलोग्राम धान की शार्टेज पाई गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में तिरोड़ी तहसील के अंतर्गत ग्राम महकेपार में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कटेदरा द्वारा धान खरीदी केंद्र बनाया गया था।

38 हजार 156 क्विंटल 80 किलोग्राम धान खरीदी गई

निर्धारित अवधि में इस केंद्र पर 38 हजार 156 क्विंटल 80 किलोग्राम धान पंजीकृत किसानों से खरीदा गया है। इस धान के परिवहन के दौरान 37 लाख 898 क्विंटल 93 किलोग्राम धान ही पाया गया और इतनी ही धान की किसानों को भुगतान के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। इस प्रकार महकेपार केंद्र में 257 क्विंटल 87 किग्रा धान की शार्टेज पाई गई है।

जांच में अमानक स्तर की धान पायी गई

कलेक्टर मृणाल मीना को इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और नायब तहसीलदार तिरोडी गीता राहंगडाले, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव, पहल सिंह वलाडी और नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक की टीम गठित कर मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिये। टीम द्वारा महकेपार केंद्र में मौके पर जाकर जांच की गई। जांच के दौरान केंद्र में 174 बोरियों में 56.97 क्विंटल धान पायी गई। इस धान की गुणवत्ता जांच में अमानक स्तर की पायी गई।

इनका कहना है

4 कर्मचारियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी कर न्यायालय के समक्ष पेश किए जाने की प्रक्रिया जारी है।

तरुण चौहान, विवेचना अधिकारी, पुलिस थाना किरोड़ी

नपा का होगा सोशल ऑडिट, नगर विकास, सौंदर्यीकरण, निर्माण कार्यों के प्रस्ताव पारित

नगर पालिका परिषद बालाघाट की सामान्य सभा की हुई बैठक

नवभारत, बालाघाट। नगर पालिका परिषद बालाघाट सामान्य सभा की बैठक 13 फरवरी को नपा सभागार में हुई। जहां परिषद सदस्यों के समक्ष 17 प्रस्ताव रखे गये जिसपर आपसी सहमति से मंथन किया गया और प्रस्तावों पर चर्चा के उपरांत उन्हें पारित कराने का प्रयास हुआ। इन प्रस्तावों में विशेष रूप से 20 वर्षो का नगरपालिका द्वारा सोशल ऑडिट जनता के सामने प्रस्तुत करनें, नगर विकास कार्यो को गति देने, सौंदर्यीकरण तथा हनुमान चौक की जलभराव की समस्या को दूर किये जाने, नपा के स्वामित्व की दुकानों का लीज, चबुतरा नामांतरण शुल्क निर्धारण, बस स्टैण्ड-बाजार वसूली ई-निविदा के माध्यम से किये जाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। परिषद सदस्यों के विचार सुने गये और इन्हें पारित कराया गया। साथ ही सांसद

एवं विधायक प्रतिनिधि , पक्ष-विपक्ष के पार्षदों के सुझावों को भी शामिल कर उसपर अमल किये जाने की बात कही गई।

नपा के स्वामित्व की दुकानों, चबुतरा, लीज की जांच के लिये बनेगी कमेटी -परिषद की बैठक में नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि सुशील वर्मा, विधायक प्रतिनिधि शफकत खान, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सीएमओ बीडी कतरोलिया, नेताप्रतिपक्ष पार्षद योगराज कारो लिल्हारे सहित सभापति एवं परिषद सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक के प्रस्तावों में एएचपी घटक बाह्य विद्युतीकरण योजना में ई-निविदा की जानाकरी दी गई न्यूनतम दर आने पर इसे वित्तीय स्वीकृति के लिये रखा गया, नगर के सौंदर्यीकरण तथा विकास को लेकर अम्बेडकर चौक से महात्मा फुले रेलवे ओवरब्रिज तक सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लॉक लगाये जाने का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें कुछ परिषद सदस्यों द्वारा आपत्ति ली गई लेकिन नपाध्यक्ष ने उत्तर देते हुए इसे शहर की सुंदरता और विकास की दृष्टि से सही बताया।

15 को लांजी में महादेव महोत्सव का होगा आयोजन

नवभारत, लाँजी। संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा बालाघाट जिले के लांजी स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियों पर एकाग्र 'महादेव महोत्सव' का आयोजन 15 फरवरी, 2026 को सायं 6.30 बजे से किया जाएगा। समारोह में शिव केंद्रित नृत्य नाटिका, लोक गायन एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जाएंगी। यह आयोजन शिवभक्ति, लोक परम्परा और शास्त्रीय-सुगम कलाओं के सुरम्य संगम के रूप में श्रद्धा और भक्ति की एक अनुपम संध्या रचेगा। संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन बालाघाट के सहयोग से यह आयोजन किया जाएगा।

एमडी ड्रग्स के साथ 1 गिरफ्तार, 2 फरार

अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कटंगी पुलिस की कार्रवाई

नवभारत कटंगी 13 फरवरी। पुलिस ने एमडी ड्रग्स के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जबकि दो अन्य फरार हो गए। जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मोहित मोमने है। पुलिस ने बताया कि रात्री गश्त के दौरान संदिग्ध कार की तलाशी ली गई और एमडी ड्रग्स पाउडर बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध

एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक बालाघाट ने सभी थाना प्रभारियों को रात्री गश्त तेज करने और संदिग्ध वाहनों की जांच के निर्देश दिए हैं।

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

अर्जुन जायसवाल को मिला अटल कार्यकर्ता सम्मान

नवभारत, बालाघाट। भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष सभारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर बैहर विधानसभा क्षेत्र के जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता अर्जुन जायसवाल जी को 'अटल कार्यकर्ता' सम्मान से अलंकृत किया गया। अटल स्मृति समिति जबलपुर संभाग प्रभारी श्री धीरज पटेरिया जी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के द्वारा शाल एवं रजत पत्र प्रदान किया गया ॥ रजत पत्र का पठन पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम द्वारा किया गया । इस विशेष अवसर पर पूर्व विधायक श्री भगत सिंह नेताम पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रमोद नेमा जी मलाजखंड मंडल अध्यक्ष सुनील राहंगडाले जी पार्षद राजेंद्र राहंगडाले जी उपस्थित रहे।

पांच दिवसीय कृषि विज्ञान मेले का हुआ समापन

कृषि वैज्ञानिकों ने कृषकों को उत्कृष्ट कृषि पर दिया मार्गदर्शन

नवभारत, बालाघाट। 'किसान कल्याण वर्ष 2026' के अंतर्गत बालाघाट जिले में पांच दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी के तहत आत्मा योजनांतर्गत जिला स्तरीय कृषि मेला का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 12 फरवरी 2026 को कमला नेहरू सामुदायिक भवन, सर्किट हाउस रोड बालाघाट में संपन्न हुआ, जिसमें जिले भर से आए किसानों, कृषि उद्यमियों, कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि महाविद्यालय वारासिवनी के कृषि वैज्ञानिक और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेले के अंतर्गत बालाघाट जिले

में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु कृषि वैज्ञानिकों और विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई कार्यक्रम में उप संचालक कृषि सह परियोजना संचालक 'आत्मा' श्री फूलसिंह मालवीय जी ने कृषकों को प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में बताया गया राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत प्राकृतिक खेती के घटक बीजामृत, जीवामृत, वापसा आक्षादन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। योजनांतर्गत जैव संसाधन केन्द्री के बारे में जानकारी दी गई तथा जिले में प्रत्येक विकासखण्डा में स्थापित बी.आर.सी. सेंटर से कृषको को दवाईयां खरीदने की सलाह दी गई।

लोकार्पण | पूर्व मंत्री के जन्मदिवस पर गांधी चैक भाजपा कार्यालय सहित जगह-जगह मनायी गयी खुशियां

सीसीटीवी कैमरे व बड़ी पानी की टंकी की शुरूवात

नवभारत, वारासिवनी। नपा परिषद ने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के जन्मदिवस पर नगर को करोडो रूपये के बडे बडे विकास कार्यो की सौगात दी है। जिसमे पानी की विशाल टंकी, अतिथी ग्रह, भव्य चैपाटी के साथ नगर के चैराहो मे सीसीटीवी की सौगाते शामिल है। इन सुविधाओ को पाकर नगरवासी भी प्रसन्नचित माहौल मे नपा परिषद को साधूवाद प्रदान कर रहे है।

करोड़ों रूपये की राशि के चार विकास कार्यों का लोकार्पण

इस संदर्भ मे जगह जगह लोकार्पण समारोह मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे व सभी पार्षदगण अतिथी के रूप मे मंचासीन भी रहे। 12 फरवरी गुरूवार को सबसे पहले वार्ड 11, 12 व 13 के लिये नगर की दुसरी बडी पानी की टंकी लागत 3.46 करोड रूपये का लोकार्पण विधिविधान से किया गया। इस दौरान कार्य ऐंजेसी टीम की ओर से सर्वश्री



बाबी परिहार, सुनील बंटी पारधी, अनिश मिश्रा के साथ नपा परिवार ने आत्मिय स्वागत भी किया। पश्चात पानी की बडी टंकी के वाल को जैसे ही गुडडा भैया के द्वारा खोला गया वैसे की तीन वार्डो के घरो मे शुद्व पेयजल पहुचने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

पुलिस थाने जैसे ही कैमरे ऑन हुये स्क्रीन पर, चौराहे के दृश्य आने लगे नजर

इसी श्रंखला मे नगर के चैराहो मे सीसीटीवी कैमरे व कंटोल रूप के लोकार्पण मे पुलिस प्रशासन की ओर से अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अभिषेक चैधरी, थाना प्रभारी पवन यावद, कंटोल रूम अधिकारी देवेन्द्र चैधरी ने गुडडा भैया व टीम का आत्मिय स्वागत भी किया। दुसरी ओर जैसे ही गुडडा भैया ने रिमोट से स्वीच आन किया वैसे ही बेहद बडी स्क्रीन मे नगर के प्राय सभी चैको के लाईव द्रश्य दिखने की खुशी सभी के चेहरो पर नजर आने लगी।

12 चौराहों में 29 कैमरों से अपराधों की रोकथाम में मिलेगी मदद

मिडिया के सवालो मे अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अभिषेक चैधरी ने सबसे पहले पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल का आभार व्यक्त करते हुये कहा की नगर के 12 चैराहों मे 29 कैमरे की यह सौगात बेहद उपयोगी है। इस तरह की सुविधा के लिये हम भी प्रयासरत थे। नपा परिषद ने जो नगर के चैराहों मे कैमरो की 27.47 लाख की सौगात दी है उससे पुलिस व्यवस्था और कानून व्यवस्था अवश्य सुद्रढ होगी और अपराधो के रोकथाम मे मदद मिलेगी।

चौपाटी के सौदर्यीकरण से नगर मे बढ़ गयी है चमक

विकास कार्यो की सौगात कार्यक्रम मे गुडडा भैया का काफिला दोपहर समय मे भव्य चैपाटी लागत 15 लाख रूपये व स्वामी विवेकानंद क्लब अतिथी ग्रह लागत 25 लाख समारोह मे पहुचा। जंहा उन्होने इंडोर स्टेडियम मे प्रात 11 बजे से 5 बजे तक महानगरो के प्रसिद्व चिकित्सको मे डा प्रिंस वर्मा एमबीबीएस, एमएस, डा उमंग बघेल, डा निकलेस वासनिक, डा शुभम वैध, डा रोहित मर्सकोले, डा ज्योति बोरकर, डा सेफाली शिंदे, डा अभिषेक आडे आदि के सहयोग से नपा परिषद व सरदार पटेल हास्पिटल बालाघाट के तत्वाधान मे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का निरिक्षण कर जरूरतमंदो की मदद भी की।

बड़ी पानी टंकी के लोकार्पण से तीन वार्डो की पेयजल दिक्कतें भी हो गयी दूर

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुये गुडडा भैया ने कहा की नगर मे सालो पहले भी हमने ही 24 करोड की राशी केन्द्र सरकार से स्वीक्रत कराकर सबसे बडी पानी की टंकी बनायी थी। जिसकी मदद से शुद्व पेयजल पुरे नगर को आज भी मिल रहा है। किंतू नगर के तीन वार्डो मे तकनीकी दिक्कतो की वजह से पेयजल आपूर्ति मे शिकायते आ रही थी। जिसके समाधान के लिये हमने प्रदेश सरकार से 3.46 करोड रूपये स्वीक्रत कराकर एक और विशाल टंकी का निर्माण कराकर आज से तीनो वार्डो की जनता को समर्पित कर पेयजल की आपूर्ति शुरू कर रहे है। अब सुसज्जित व सर्वसुविधायुक्त पानी की टंकी से 24 घंटे पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह हमने नगर के सभी चैराहो मे अपराधो की रोकथाम के लिये सीसीटीवी कैमरे लगाकर आज से शुरूवात भी कर दी है। इस सुविधा का कंटोल रूम हमने पुलिस थाने मे रखा है। इस सुविधा को पाकर जनता के साथ पुलिस प्रशासन भी प्रसन्नचित नजर आ रहा है।

वन स्टॉप सेंटर बैहर की अनुकरणीय पहल, बिछड़ी मां से मिलाया पुत्र को

नवभारत, बैहर। एक वृद्ध महिला जो लगभग एक दो माह से बैहर बस स्टैंड के आस पास भटक रही थी जिसकि जानकारी थाना बैहर के इवेंट के माध्यम से मिलने पर दिनांक 10.02.26 को दोपहर 12 बजे कार्यालय वन स्टॉप सेंटर बैहर लाया गया । महिला बंगाली भाषा बोल रही थी कुछ जानकारी बताने के पश्चात जिसके पश्चात कार्यालय वन स्टॉप सेंटर बैहर द्वारा तत्काल अपने सोर्स के माध्यम से महिला की जानकारी निकली गई । जिसके पश्चात पुरूलिया थाने से संपर्क कर महिला पता निकला गया कि महिला बंगाल की है और उसका नाम मुटूक बाई तंतो है । जिसके बाद उसके बेटे जिसका नाम शिवचरण से संपर्क कर किया गया । बेटे द्वारा बताए गया कि मां रास्ता भटक गई थी हमारे द्वारा सभी जगह पता किया गया पर कोई जानकारी नही मिल पा रही थी । अब आपके माध्यम से माताभिवकी जानकारी मिल गई है तो हम अपनी मां को लेने आ रहे है । तब बेटा को वन स्टॉप सेंटर बैहर कार्यालय का से मिलाया गया । परिवार वाली इस मानवता प्रेम सद्भाव से भरे इस शानदार कार्य की बहुत प्रशंसा किया ओर बारम्बार साधुवाद देकर आभार व्यक्त किया लिए ।